# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com

सिवनी-मालवा • पिपरिया • सोहागपुर • मुलताई • पांढुर्णा • आमला • टिमरनी • खिरकिया

भोपाल 27 अगस्त 2026


## एशियन गेम्स 2026 में जिले के तीन खिलाड़ी पेश करेंगे अपनी दावेदारी

## विवेक सागर, आध्या तिवारी व हर्षिता तोमर करेंगे देश का प्रतिनिधित्व



**जागरण नर्मदापुरम।** खेल प्रतिभाओं के क्षेत्र में नर्मदापुरम जिले ने एक बार फिर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। जापान के आइची-नागोया में आयोजित होने वाले एशियन गेम्स-2026 के लिए नर्मदापुरम जिले के तीन प्रतिभावान खिलाड़ियों का भारतीय दल में चयन हुआ है। हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद, सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी आध्या तिवारी एवं सेलिंग खिलाड़ी हर्षिता तोमर एशिया के सबसे बड़े खेल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक ही जिले से तीन अलग-अलग खेलों में खिलाड़ियों का एशियन गेम्स के लिए चयन नर्मदापुरम के लिए गौरव की उपलब्धि है। इन खिलाड़ियों की सफलता जिले की खेल प्रतिभाओं की क्षमता और निरंतर बेहतर प्रदर्शन को दर्शाती है। तीनों खिलाड़ी अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश के लिए पदक जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेंगे। एशियन गेम्स-2026 में नर्मदापुरम के विवेक सागर प्रसाद, आध्या तिवारी और हर्षिता तोमर तीन अलग-अलग खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह उपलब्धि जिले के लिए ऐतिहासिक गौरव का विषय है। 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान के आइची-नागोया में आयोजित होने वाले एशियन गेम्स में नर्मदापुरम के खेल प्रेमियों की नजरें इन तीनों खिलाड़ियों पर रहेंगी। जिलेवासियों को विश्वास है कि तीनों खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत का नाम रोशन करेंगे और नर्मदापुरम की खेल प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएंगे।

**हॉकी में विवेक सागर प्रसाद पर रहेंगी निगाहें :** नर्मदापुरम के प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम का हिस्सा होंगे। विवेक भारतीय हॉकी के प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं और इससे पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। एशियन गेम्स में उनके अनुभव और प्रदर्शन पर सभी की निगाहें रहेंगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियन गेम्स में अपने पिछले स्वर्ण पदक का बचाव करने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी। ऐसे में विवेक सागर का अनुभव टीम के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। नर्मदापुरम के खेल प्रेमियों को उनसे भारतीय टीम के लिए शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

**सॉफ्ट टेनिस में आध्या तिवारी की नई उड़ान :** सॉफ्ट टेनिस की युवा प्रतिभा आध्या तिवारी भी एशियन गेम्स-2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। आध्या का चयन महिला सिंगल्स एवं मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा के लिए हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकीं आध्या अब एशियन गेम्स के मंच पर भारत के लिए चुनौती पेश करेंगी। आध्या का चयन जिले की युवा खिलाड़ियों, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायी उपलब्धि है। उनके एशियन गेम्स में चयन से नर्मदापुरम की खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए नई प्रेरणा मिलेगी।

**सेलिंग में हर्षिता तोमर का अनुभव बनेगा ताकत :** नर्मदापुरम की सेलिंग खिलाड़ी हर्षिता तोमर भी एशियन गेम्स-2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। हर्षिता पहले ही एशियन गेम्स में पदक जीतकर देश और जिले का गौरव बढ़ा चुकी हैं। उन्होंने 2018 जकार्ता एशियन गेम्स में कांस्य पदक हासिल किया था। अब एक बार फिर एशियन गेम्स के मंच पर उतरने जा रहीं हर्षिता के अनुभव पर देशवासियों की उम्मीदें टिकी रहेंगी। उनके पूर्व प्रदर्शन और अनुभव को देखते हुए उनसे एक बार फिर शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने लिए मिठाई दुकानों से सैंपल, जांच के लिए भेजे



**जागरण सोहागपुर।** त्योहारों के मद्देनजर गत दिवस जिले में खाद एवं औषधि प्रशासन द्वारा बड़ी मात्रा में सिंथेटिक मावा जप्त करने की कार्रवाई की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार ने बताया कि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए दूध एवं दुग्ध उत्पादों पर विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में बुधवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने सेमरी हरचंद एवं सोहागपूर स्थित मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया। संदेह के आधार पर सेमरी हरचंद के सर्वेश्वर मिष्ठान, बजरंग मिष्ठान एवं बीकानेर मिष्ठान से मिठाई , सोन पापड़ी, रसगुल्ला, बेसन, सोयाबीन तेल, नमकीन के 18 नमूने जांच हेतु लिये गए। इसी प्रकार सोहागपुर स्थित श्री बीकानेर एवं न्यू बीकानेर से मावा , बर्फी , लड्डू , सोन पापड़ी एवं रसगुल्ला के 8 नमूने जांच हेतु लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बीएस धाकड़ एवं कमलेश दियावार ने नमूनों को पैक प्रयोगशाला भेजने की कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा ने बनखेड़ी स्थित अग्रवाल स्वीट श्याम स्वीट एवं बीकानेर स्वीट से मावा पेड़ा, मावा, कलाकंद, मिल्क केक, बर्फी के कुल 5 नमूने जांच हेतु लिए हैं। सभी नमूने राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

## न्यूज कार्नर

### लक्षार्थ 2026 के विजेताओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**जागरण नर्मदापुरम।** अतुल्यम वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित छात्र संसद 'लक्षार्थ 2026' के उत्कृष्ट प्रतिभागियों के लिए विशेष शैक्षणिक दिल्ली भ्रमण आयोजित किया गया। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया के सौजन्य से आयोजित इस भ्रमण में मेधावी छात्र-छात्राओं ने संसद भवन सहित देश की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं लोकतांत्रिक धरोहरों का अवलोकन किया। 'लक्षार्थ 2026' के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं सांसद माया नारोलिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संसद भवन का प्रत्यक्ष भ्रमण कराने की घोषणा की थी। इसी संकल्प को पूरा करते हुए विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल को नई दिल्ली आमंत्रित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नवनिर्मित संसद भवन परिसर का अवलोकन किया तथा भारतीय संविधान, विधायी प्रक्रिया और संसदीय कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही दल ने राष्ट्रपति भवन सहित विभिन्न ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण किया और देश की समृद्ध स्थापत्य विरासत से परिचित हुए। विद्यार्थियों ने कहा कि संसद और राष्ट्रपति भवन का प्रत्यक्ष अवलोकन उनके लिए बेहद प्रेरणादायी रहा। इस अनुभव से उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने के साथ नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर मिला। प्रतिभागियों ने इस शैक्षणिक यात्रा के लिए सांसद माया नारोलिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

### वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत 12 को

**जागरण नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को किया जाएगा। यह लोक अदालत तहसील स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक सम्पूर्ण भारत में आयोजित होगी। इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य प्रकरण आपसी समझौते और सुलह के आधार पर निपटाए जाएंगे। इसमें राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, विद्युत चोरी, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा , वैवाहिक, सिविल, भू-अर्जन आदि के मामले रखे जाएंगे। इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन स्तर के मामले भी रखे जाएंगे, जो अभी न्यायालय तक नहीं पहुंचे हैं। इनमें जलकर, संपत्तिकर, बैंक ऋण वसूली, टेलीफोन बिल बकाया, विद्युत बिल बकाया आदि शामिल हैं।

### भाई बहन के पवित्र राखी के त्यौहार को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक

# राखी-रूमाल से गुलजार हुआ बाजार महंगी शक्कर ने बढ़ाए मिठाई के दाम



**जागरण सोहागपुर।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार देश भर में पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। त्योहार को लेकर बाजारों में रौनक देखते ही बन रही है। मंगलवार को बाजार में राखियों की दुकान भी गुलजार दिखाई पड़ी। रंग-बिरंगी राखियों से सजी दुकानों पर सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

जहां एक तरफ बाजारों में भारी चहल-पहल है, वहीं दूसरी तरफ इस बार त्योहार की मिठास पर महंगाई का साया साफ दिखाई दे रहा है। इस बार मिठाई खरीदना आम जनता की जेब पर भारी पड़ रहा है। बाजार विश्लेषकों के मुताबिक इस साल चीनी के दामों में आई तेजी का सीधा असर मिठाई की कीमतों पर पड़ा है। थोक और खुदरा बाजार में शक्कर महंगी होने के कारण मिठाई निर्माताओं ने भी अपनी कीमतों में 10 से 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी कर दी है।

**बदला ग्राहकों का मिजाज :** दुकानदारों का कहना है कि शक्कर महंगी होने की वजह से लागत बढ़ गई है, जिससे चाहकर भी वे पुरानी कीमतों पर मिठाई नहीं बेच पा रहे हैं। वहीं बाजार में आए बदलाव को लेकर ग्राहकों का कहना है कि बजट बिगड़ने के कारण वे इस बार मिठाई की मात्रा में कटौती कर रहे हैं। जो लोग पहले दो से तीन किलो मिठाई खरीदते थे वे अब आधा या एक किलो से ही काम चला रहे हैं। बाजारों में पारंपरिक मिठाइयों जैसे घेवर, रसगुल्ला और काजू कतली की मांग सबसे ज्यादा बनी हुई है। सावन के इस पावन महीने में महंगाई की चुनौती के बीच लोग अपनों के साथ इस त्योहार को बेहद खास बनाने में जुटे हैं।

### मोटू-पतलू, छोटा भीम और घड़ी वाली राखी की डिमांड

रक्षाबंधन पर्व को लेकर नगर के बाजारों में इन दिनों खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। त्योहार नजदीक आते ही राखी की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है। खासकर बच्चों के लिए बाजार में आई आकर्षक और रंग-बिरंगी राखियां उनकी पहली पसंद बनी हुई हैं। मोटू-पतलू, छोटा भीम सहित कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों के साथ घड़ी वाली राखियां बच्चों को खूब पसंद आ रही हैं। रक्षाबंधन को लेकर बाजार में इस बार राखियों की कई नई वैरायटी देखने को मिल रही हैं। दुकानों पर पारंपरिक रेशमी और मोतियों वाली राखियों के साथ बच्चों के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई कार्टून राखियां सजाई गई हैं। मोटू-पतलू और छोटा भीम जैसे लोकप्रिय कार्टून किरदारों वाली राखियां बच्चों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। कई बच्चे अपने पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर वाली राखी लेने की जिद करते नजर आ रहे हैं। बाजार में सबसे अधिक आकर्षण घड़ी वाली राखियों को लेकर है। रंग-बिरंगी डिजाइन और आकर्षक लुक के कारण बच्चे इन्हें पसंद कर रहे हैं। कुछ राखियों में कार्टून कैरेक्टर के साथ घड़ी का संयोजन किया गया है, जिससे बच्चों में इनकी मांग और बढ़ गई है। दुकानदारों के अनुसार बच्चों की पसंद को देखते हुए इस बार राखियों में काफी नई डिजाइन बाजार में उतारी गई हैं। वहीं युवतियों और महिलाओं के लिए भी बाजार में फैंसी राखियों की बड़ी रेंज उपलब्ध है। मोती, कुंदन, स्टोन, रुद्राक्ष और विभिन्न डिजाइन वाली राखियां ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व होने के कारण लोग अपनी पसंद और बजट के अनुसार राखियों की खरीदारी कर रहे हैं।

## नवोदित कलाकारों ने दी शास्त्रीय संगीत की विभिन्न रागों की प्रस्तुति



**जागरण नर्मदापुरम।** सेठानीघाट पर सत्संग भवन में आज संचारी संगीत केंद्र के तत्वावधान में नवोदित कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत की विभिन्न रागों की प्रस्तुतियां दी, जिसमें आरना देव तिवारी और शिक्षा गुबरेले ने राग जौनपुरी की युगल प्रस्तुति दी।

आराध्या तिवारी ने राग तोड़ी, अनय गौर ने राग बिहाग की प्रस्तुति दी। आकाशवाणी भोपाल से शास्त्रीय संगीत की ग्रेडेड कलाकार सिद्धा साई ने बिलासखानी तोड़ी राग की एवं खैरागड़ से पधारे शास्त्रीय संगीतकार मयंक बिसेन ने राग चारुकेसी में ख्याल गायकी की और अंत में अथर्व दुबे ने नटभैरव राग की प्रस्तुति सारंगी वादन से की । तबले पर संगत ऋषभ विजय योगी, उत्कर्ष तिवारी और अनुल्प चौबे ने तानपुरे पर निकिता पटेल और राजेश्वरी भदौरिया ने संगत की ।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक पं गिरिजा शंकर शर्मा, संचारी संगीत केंद्र के प्रमुख संगीतकार प्राण कृष्ण साई, अजय सैनी, अमिता साई , शीलू तिवारी, प्रशांत मुन्नू दुबे, आकाश जैन, जीत वैश्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

## विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से किया टीबी एवं एड्स के प्रति जागरूक



**जागरण सिवनी मालवा।** डॉ भीमराव अंबेडकर सिविल हॉस्पिटल द्वारा बीएमओ डॉ कांति बाथम के मार्गदर्शन में टीबी एवं एड्स के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत नगर के शासकीय स्कूलों में अध्यनरत किशोर विद्यार्थियों के लिए पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। 23 से 25 अगस्त तक आयोजित पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में नगर की शासकीय संस्थाओं के विद्यार्थियों ने भागीदारी निभाई। विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से टीबी तथा एड्स के लक्षण, कारण, बचाव के उपाय उकेरे, इनके प्रति सचेत हुए एवं समाज को भी जागरूक करने की प्रेरणा ली। बीएमओ डॉ कांति बाथम ने विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में टीवी तथा एड्स के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया व इनके कारण, लक्षण, हानियां बताते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उमंग स्वास्थ्य केंद्र के परामर्शदाता ईश्वर विश्नोई ने किशोर अवस्था एवं इसके परिवर्तनों के बारे में चर्चा की। चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रियंका मसराम ने स्वच्छता, स्वास्थ्य, एनीमिया, रोग प्रतिरोधक क्षमता पर चर्चा कर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। ईश्वर विश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रत्येक संस्था से प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने में बीआरसी संगीता यादव, विद्यालय के प्राचार्य एवं उमंग गतिविधि प्रभारी शिक्षकगण, छात्रावास अधीक्षक एवं सिविल हास्पिटल के चिकित्सक एवं अधिकारियों का सहयोग प्रदान हुआ।

## छात्राओं ने कलेक्टर को बांधी इको फ्रेंडली राखी



**जागरण नर्मदापुरम।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर नितिन साई चाइल्ड केयर स्कूल मिसरोद की कक्षा 7वीं एवं 9वीं की छात्राओं ने कलेक्टर सोमेश मिश्रा से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें इको फ्रेंडली राखी बांधी और रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए इन राखियों को स्वयं तैयार किया था। उन्होंने अपनी मेहनत और रचनात्मकता से तैयार की गई इको फ्रैंडली राखियां कलेक्टर श्री मिश्रा की कलाई पर बांधकर भाई-बहन के स्नेह एवं विश्वास के इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने भी सहजता और आत्मीयता के साथ छात्राओं से राखी बंधवाई। उन्होंने छात्राओं को स्नेहाशीष प्रदान करते हुए मिठाई खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने छात्राओं द्वारा स्वयं तैयार की गई इको फ्रेंडली राखियों की सराहना करते हुए कहा कि पर्व-त्योहारों को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि छात्राओं की यह पहल समाज को प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहने और पर्यावरण हितैषी परंपराओं को अपनाने का प्रेरक संदेश भी देती है। इस अवसर पर सभी छात्राएं भी अत्यंत प्रसन्न हुई और उन्होंने कलेक्टर श्री मिश्रा के साथ सामूहिक फोटो भी निकलवाया।

## खेड़ापति माता मंदिर की दानपेटी से नगदी चोरी

**जागरण सिवनी मालवा।** उपनगरी बानापुरा स्थित खेड़ापति मंदिर में बीती रात अज्ञात चोर मंदिर की दान पेटी में रखे रुपए और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। बुधवार सुबह पूजा के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिर का ताला टूटा देखा, जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

चोरी की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुधाकर बारसकर, उपनिरीक्षक कमलेश शर्मा और नरेंद्र लिल्लोरे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। थाना प्रभारी सुधाकर बारसकर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दो युवक मंदिर का सामान ले जाते हुए दिखाई दिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### मुस्लिम समाज ने धूमधाम से मनाया पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन, जिलेभर में निकाले भव्य जूलूस, जगह-जगह हुआ स्वागत

## अकीदत के साथ मना जश्ने ईद मिलादुन्नबी




**जागरण नर्मदापुरम।** मुस्लिम समाज द्वारा बुधवार को पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का यौमे विलादत जन्मदिन अकीदत और मोहब्बत के साथ मनाया गया ।

इस अवसर पर जूलूस जामा मस्जिद बालागंज से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक से बोर्ड स्कूल सराफा बाजार, फाजिल मंजिल होकर हीरो होंडा शोरूम होकर, इंदिरा चौक इतवारा बाजार के पास जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में शहर के बड़ी बजरिया सदर बाजार, मोमिनपुरा, ईदगाह, जुमेराती, आजमगढ़, बालागंज, मालाखेड़ी एवं अन्य जगहों से जुलूस आकर सम्मिलित हुए। लोगों द्वारा जुलूस का जगह स्वागत किया गया और लंगर के इंतजाम किए गए और जुलूस में समापन के दौरान लोगों को पुरस्कार वितरण दिया गया उसके बाद मुफ्ती मोहम्मद शमीम अख्तर ने देश के लिए अमन और चैन की दुआ की।

इस दौरान शहर काजी अशफाक अली, हफीज अब्दुल अलीम, फैजान उल हक, कारी जाफिरुद्दीन, जब्बार खान, मुबीन खान, शेख हबीब, साकिर खान, अब्दुल वाहिद, हाफिज अतीक, गुलाम मुस्तफा, गफ्फार खान, शेख पप्पू, समीम कुरैशी, नावेद कुरैशी, रिजवान खान, अफजल सिद्दीकी, मेराजउल हक, गुलाम हैदर, फारुक खान, फुरकान खान, दिलावर बाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट नितिन टाले, एसडीएम देवेंद्र सिंह, एसडीओपी जितेंद्र पाठक, थाना प्रभारी गौरव बुंदेला, यातायात डीएसपी सतीश मिश्रा, सीएमओ वैभव देशमुख एवं देहात थाना प्रभारी उषा मरावी आदि उपस्थित रहे। अंजुमन मुफीदुल इस्लाम कमेटी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## मुस्लिम समाज ने मुख्य मार्गों से निकाला जुलूस



**जागरण सोहागपुर।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-विलादत के मुबारक अवसर पर बुधवार को सोहागपुर में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का पर्व बड़ी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। इस मौके पर नगर में धार्मिक उल्लास का माहौल रहा और बड़ी संख्या में समाजजन जुलूस में शामिल हुए।

नगर के किलापुरा वार्ड, गांधी वार्ड, अंबेडकर वार्ड एवं रामगंज से अलग-अलग जुलूस निकाले गए, जो बिहारी चौक पर एकत्रित हुए। यहां से सभी जुलूस एक विशाल जुलूस के रूप में आगे बढ़े। जुलूस में शामिल अकीदतमंद नात-ए-पाक पढ़ते हुए चल रहे थे। कौमी एकता की मिसाल पेश करते हुए विभिन्न स्थानों पर जुलूस का स्वागत सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। जुलूस का नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के बुजुर्गों का साफा बांधकर सम्मान किया गया। जुलूस में शामिल लोगों के लिए फल-फ्रूट, मिष्ठान एवं शरबत का वितरण भी किया गया। बड़ी मस्जिद के पास भी कुछ मंदिरों के पुजारियों एवं हिंदू समाजसेवियों द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया। विभिन्न मार्गों से होकर जुलूस पुराने थाने के पीछे पहुंचा। जहां मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे, खुशहाली और सौहार्द की दुआ के साथ जुलूस का समापन हुआ।

## न्यूज कार्नर

### मुस्लिम समाज ने उल्लास से निकाला जुलूस



**जागरण, रहटगांव।** बुधवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा ईद-मिलादुन्नबी का पर्व मनाया गया, जिसके चलते सुबह जुलूस निकाला गया, जो स्थानीय जामा मस्जिद से शुरू हुआ और नगर भ्रमण करके मोहनपुर से वापस जामा मस्जिद पहुंचा। जुलूस समापन पर दुआएं की गई और बताया की पेंगबर साहब के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। जुलूस का मुस्लिम समाज द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया और नास्ता, चाय, पानी की व्यवस्था भी रखीं गई। इस दौरान रहटगांव थाना प्रभारी मनोज दुबे सहित पुलिस स्टाफ एवं पटवारी सुमेर सिंह, विशाल राजपूत, दिनेश इवने, पवन कैथवास सहित राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### भंडारे के साथ नर्मदा पुराण का समापन

**जागरण, टिमरनी।** स्थानीय नर्मदा भवन में पिछले सात दिनों से लगातार चल रही संगीतमय नर्मदा पुराण कथा का बुधवार को धार्मिक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। कथा के दौरान कथावाचक पंडित अनिल पगारे ने श्रद्धालुओं को मां नर्मदा की महिमा, धार्मिक महत्व और नर्मदा तट की आध्यात्मिक परंपराओं से अवगत कराया। कथा के दौरान नर्मदा जी के भजनों और धार्मिक प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। सात दिनों तक नर्मदा भवन में चले इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कथा के समापन अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं पूर्णाहुति की गई। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और सभी के कल्याण की कामना की। इस आयोजन को सफल बनाने में राजेंद्र काशिव, सतीश जोशी, राजेंद्र उपाध्याय, मनोहर बरसले, अशोक पगारे, नरेंद्र सिटोके, राकेश पाराशर, बंटी बिल्लौरे, अरुण गुहा, संजय पाराशर, अनूप बिल्लौरे, अशोक बिल्लौरे, दीपक शांडिल्य एवं मुकेश शांडिल्य का विशेष सहयोग रहा।

### उपाध्याय को प्रतिष्ठित राजभाषा गौरव पुरस्कार

**जागरण, हरदा।** जाने माने कलाविद एवं निबंधकार नर्मदा प्रसाद उपाध्याय को हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन के लिए देश के प्रतिष्ठित राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। संस्कृति, धर्म, कला एवं धरोहर विषय की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में उन्हें यह पुरस्कार उनकी चर्चित कृति भारतीय कला और अंतरानुशासन के लिए प्रदान किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित इस पुरस्कार योजना में संस्कृति, धर्म, कला एवं धरोहर श्रेणी के प्रथम पुरस्कार के रूप में 1.50 लाख की राशि, प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए जाते हैं। राजभाषा विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इस वर्ष 14 सितंबर को मुंबई में हिंदी दिवस समारोह एवं छठा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित होगा। हरदा निवासी श्री उपाध्याय अपने मौलिक लेखन, शोध और भारतीय कला पर गंभीर चिंतन के लिए देश-विदेश में प्रतिष्ठित हैं। उनका यह सम्मान हरदा ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के लिए भी गौरव का विषय है।

सस्ती सोने की गिन्नी का लालच देकर की थी परमानंद की हत्या

# 24 घंटे में अंधे कत्ल का पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार, 1.90 लाख रुपए बरामद

**जागरण, हरदा।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोलवा के खेत किनारे नाले में मिले दूध व्यापारी परमानंद जाट के शव और अंधे कत्ल के सनसनीखेज मामले का हरदा पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या और लूट को अंजाम देने वाले तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई राशि में से एक लाख, नब्बे हजार, पांच सौ रुपये नकद तथा हत्या में प्रयुक्त औजार बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक हरदा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी हरदा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली के कुशल नेतृत्व में यह सफलता मिली है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 24 अगस्त 2026 को फरियादी लक्ष्मीनारायण जाट ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके भाई परमानंद जाट को कोई अज्ञात व्यक्ति अपहरण कर बंधक बनाकर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 140(3) के तहत अपराध दर्ज कर परमानंद की तलाश शुरू की। रातभर चली सर्चिंग के बाद सुबह ग्राम कोलवा में भागीरथ जाट के खेत के पास नाले में परमानंद का शव गंभीर चोटों के साथ मिला। एफएसएल टीम और पुलिस ने मौके का मुआयना कर पोस्टमार्टम कराया तथा परिजनों के बयानों के आधार पर मामले में बीएनएस की धारा 103 व लूट की धाराओं का इजाफा किया।

### सस्ती सोने की गिन्नी का लालच बना हत्या का कारण

पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल टावर लोकेशन का बारीकी से विश्लेषण किया, जिसके आधार पर तीन संदेहियों कमल पिता



रामेश्वर निमोरे निवासी कोलवा, हरिओम पिता सूरजलाल पारधी निवासी ग्राम गूठानिया, रहटगांव और अक्षय पिता छोटे सिंह पारधी निवासी ग्राम गूठानिया, रहटगांव को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी

के अनुसार मुख्य आरोपी कमल ने पूर्व में परमानंद को एक असली सोने की गिन्नी दी थी। इसी भरोसे का फायदा उठाकर कमल ने सस्ती सोने की गिन्नी देने का लालच देकर परमानंद को 2 लाख रुपये नकद लेकर बुलाया था। परमानंद जैसे ही रुपये लेकर पहुंचे, तीनों आरोपियों ने गिन्नी देने के बजाय उनसे रुपये छीन लिए और धारदार हथियार से उनकी निर्मम हत्या कर शव नाले में फेंक दिया।

### घटना का कराया रीक्रिएशन आरोपी भेजे गए जेल

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात स्थल पर पहुंचकर पूरी घटना का रीक्रिएशन कराया। इसके बाद आरोपियों के पास से लूटे गए 190500 नकद और हथियार जब्त कर तीनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस अंधे कत्ल की गुत्थी को 24 घंटे में सुलझाने में निरीक्षक रोशन लाल भारती, निरीक्षक राम प्रसाद कवरेती, उपनिरीक्षक मानवेन्द्र सिंह भदौरिया, उपनिरीक्षक अजय रघुवंशी, उपनिरीक्षक संतोष रघुवंशी, आरक्षक प्रदीप मालवीय, रामनरेश, नीलेश पटेल तथा साइबर आरक्षक कमलेश परिहार की महत्वपूर्ण व सराहनीय भूमिका रही।

# बहू-बेटे ने घर से किया बाहर प्रशासन ने वापस दिलाया घर

**कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार ने की कार्रवाई**



**जागरण, रहटगांव।** रहटगांव तहसील क्षेत्र के टेमागांव की महिला ने मंगलवार को जनसुनवाई में स्वयं बेटे-बहू पर प्रताड़ित करने और मकान से बेदखल करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। जिसके चलते कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल रहटगांव तहसीलदार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के बाद बुधवार को रहटगांव तहसीलदार शंकर सिंह रघुवंशी अपनी टीम के साथ टेमागांव पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रशासन की मौजूदगी में विधवा महिला रामवती बाई मालवीय को उनके मकान पर कब्जा दिलाया गया। बताया गया कि महिला ने जनसुनवाई में शिकायत कर आरोप लगाया था कि उसके बेटे द्वारा उसे घर से निकाल दिया गया है और मकान में ताला लगा दिया गया है। महिला ने अपने साथ मारपीट और मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना की आशंका भी जताई थी। मौके पर तहसीलदार ने महिला को आश्वासन दिया कि यदि उसके साथ बेटे द्वारा मारपीट या किसी प्रकार की ज्यादती की जाती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने महिला को सुरक्षा और न्याय का भरोसा भी दिलाया। इस संबंध में तहसीलदार शंकर सिंह रघुवंशी ने बताया की फरियादी के मकान का मौका निरिक्षण किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि और चौकी प्रभारी भी मौजूद थे। मौके पर कोई ताला लगा नहीं पाया गया। उक्त मकान शासकीय जमीन पर बना हुआ है।

### मेघा बिश्नोई ने सीएस परीक्षा में हासिल की सफलता, परिवार में खुशी का माहौल



**जागरण, खिरकिया।** नगर की होनहार बेटी मेघा बिश्नोई ने कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार एवं नगर का नाम रोशन किया है। मेघा के परीक्षा में सफल होने की जानकारी मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राप्त परीक्षा परिणाम के अनुसार मेघा बिश्नोई ने कंपनी सेक्रेटरी एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट सीएसईईटी में कुल 200 में से 128 अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की है। परिणाम में उन्हें चारों विषयों में सफलता मिली है। उन्होंने बिजनेस कम्युनिकेशन में 41, लीगल एप्टीट्यूड एंड लॉजिकल रीजनिंग में 30, इकोनॉमिक एंड बिजनेस एनवायरमेंट में 25 तथा करंट अफेयर्स, प्रेजेंटेशन एंड कम्युनिकेशन स्किल्स में 32 अंक प्राप्त किए। मेघा बिश्नोई पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष रंजना रामनिवास पटेल की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। परिजनों ने कहा कि मेघा ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह सफलता हासिल की है। मेघा की सफलता पर नगर के गणमान्य नागरिकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं आगामी व्यावसायिक जीवन में सफलता की कामना की।

# हाय-हाय महंगाई : नगर में कांग्रेस ने आमजनों को चुटकी भर शक्कर बांट कर बढ़ी हुई कीमतों का जताया विरोध, की नारेबाजी



**जागरण, हरदा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार महंगाई के खिलाफ जनता की आवाज के तहत कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन साईं के नेतृत्व में शक्कर, पेट्रोल, बिजली बिल और गैस सिलेंडर जैसे रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़े मुद्दों पर महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान नगर के आमजनों को चुटकी भर शक्कर बाँट कर बढ़ी हुई कीमतों से आम जनता पर बढ़ती महंगाई के प्रभाव को उजागर किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा महंगाई और सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। महंगाई के विरोध प्रदर्शन में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत टाले, जिला संगठन महासचिव गोविंद सुरमा, संगठन महासचिव सूरज सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष रविशंकर शर्मा, विजय सुरमा, रामदास पटेल, गोविंद व्यास, आशुतोष कोठारी, प्रधुमन कुशवाह, सुनील सिंह राजपूत, धर्मेन्द्र चौहान, सतीश भादू, इकबाल अहमद, सुरेन्द्र सराफ, रमेश सेजकर आदि उपस्थित रहे।

### महंगाई के खिलाफ हल्लाबोल: चीनी, गैस, पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि पर किया प्रदर्शन



**जागरण, खिरकिया।** देश में लगातार बढ़ती महंगाई, चीनी, रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खिरकिया के बैनर तले चारूवा में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बढ़े हुए दामों को तुरंत वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आम आदमी पहले ही महंगाई की मार झेल रहा है, ऐसे में सामने रक्षाबंधन का त्यौहार है, चीनी के दाम ईंधन और घरेलू गैस के दाम बढ़ने से आम जनता का बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने कीमतें कम नहीं कीं, तो आने वाले दिनों में इस आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शंकर सिंह सोलंकी, वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ जितेंद्र सोनी, राजेश बघेला, ओम प्रकाश राठौड़, राजेश जायसवाल, देवेंद्र पटेल, नगर अध्यक्ष दिनेश दुबे, भगवान सोनी, मुकेश चौहान, विधायक प्रतिनिधि गणेश बघेला, भूरू पाटिल, नितिन मुकाती, असलम, देवा, चंदन, राजू सावनेर, देवलाल, राजेंद्र कलम, रेवाशंकर देवड़ा, राजू पटेल, मुकेश राजपूत, जगदीश रायखेरे, नाना योगी, हरि आदि मौजूद रहे।

# राखी बाजार क्षेत्र में भीड़ के चलते यातायात परिवर्तित

**लोगों की सुविधा के लिए विशेष यातायात व्यवस्था**




**जागरण, हरदा।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर राखी बाजार क्षेत्र में आमजन की सुविधा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिनांक 26 से 28 अगस्त तक विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है। राखी बाजार क्षेत्र में भीड़ एवं यातायात के दबाव को देखते हुए जामा मस्जिद से नार्मदेव धर्मशाला तथा शिवाजी चौक से घंटाघर चौक तक के क्षेत्र को नो व्हीकल जोन रखा गया है। इस क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

### भारी बाहरी यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग

खंडवा की ओर से आने वाले वाहन खेडीपुरा नाका से बायपास मार्ग का उपयोग करते हुए आगे जाएंगे। नर्मदापुरम की ओर से खंडवा की ओर-जाने वाले वाहन चाण्डक चौक से बायपास चौराहा होते हुए खंडवा बायपास मार्ग से अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। छोटे वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग बाजार क्षेत्र में आने वाले छोटे वाहनों के लिए नार्मदेव धर्मशाला, शनि मंदिर, जतरापड़ाव, जामा मस्जिद मार्ग को वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग किया जा सकेगा।

### यहां पार्किंग व्यवस्था

राखी बाजार क्षेत्र में आने वाले नागरिकों के वाहनों की पार्किंग हेतु शनि मंदिर के पास स्थित रिक्त स्थान एवं नार्मदेव धर्मशाला के पास स्थित रिक्त स्थान को पार्किंग स्थल के रूप में निर्धारित किया गया है। आमजन से अपील है कि अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क करें तथा बाजार क्षेत्र में अनावश्यक रूप से वाहन लेकर प्रवेश न करें। यातायात पुलिस द्वारा प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर आवश्यक बैरिकेडिंग एवं पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। आमजन से अपील है कि नो व्हीकल जोन में वाहन लेकर प्रवेश न करें, निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा यातायात पुलिस को व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

## 12 ज्योतिर्लिंगों के संकल्प के साथ स्केटिंग पर निकले अजय, 369वें दिन पहुंचे हरदा



**जागरण, हरदा।** झारखंड राज्य के कोडरमा निवासी अजय विश्वकर्मा द्वारा निकाली जा रही साहसिक ऑल इंडिया स्केटिंग यात्रा का हरदा जिले की हंडिया तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम कुसिया पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। गांव के सरपंच वीरेंद्र सारन एवं स्थानीय युवाओं ने अजय विश्वकर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया और उनकी इस अद्वितीय यात्रा का उत्साहवर्धन किया। भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी राजू सिरोही ने यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि अजय विश्वकर्मा देश के 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के संकल्प के साथ स्केटिंग करते हुए पूरे भारत की यात्रा पर निकले हैं। उनकी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य हाथ में तिरंगा थामकर धर्म, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है। अजय की यह यात्रा हरदा जिले में प्रवेश करते हुए अपने 369वें दिन में पहुंच चुकी है। वे अब तक देश के 11 प्रमुख ज्योतिर्लिंगों के दर्शन सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुके हैं और अब उनकी अंतिम पड़ाव के रूप में बाबा विश्वनाथ की पावन नगरी काशी की ओर यात्रा निरंतर जारी है। ग्राम कुसिया में अजय विश्वकर्मा के पहुंचने पर सरपंच वीरेंद्र सारन के साथ क्षेत्र के युवाओं ने उनकी आस्था, साहस और अटूट संकल्प की भूरि-भूरि प्रशंसा की। ग्रामीणों ने कहा कि इतनी लंबी दूरी स्केटिंग के जरिए तय करना सभी युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है।

### मूंग भुगतान और भावांतर योजना की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**जागरण, खिरकिया।** मूंग उपज का लंबित भुगतान कराने, मंडी में कम भाव पर मूंग बेचने वाले किसानों को भावांतर योजना का लाभ दिलाने तथा पर्याप्त मात्रा में खाद, यूरिया और डीएपी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर किसान कांग्रेस एवं क्षेत्र के किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि कई किसानों ने अपनी मूंग की उपज निर्धारित उपार्जन केंद्रों एवं सोसायटियों के माध्यम से बेच दी है, लेकिन अभी तक उनका भुगतान लंबित है। किसानों ने संबंधित भुगतान की जांच कराकर जल्द से जल्द राशि दिलाने की मांग की। किसानों ने यह भी कहा कि निर्धारित समर्थन मूल्य पर पूरी उपज की खरीदी नहीं होने के कारण कई किसानों को अपनी शेष मूंग मंडी में कम दाम पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा। ऐसे पात्र किसानों को शासन के नियमानुसार भावांतर अथवा मूल्य अंतर योजना का लाभ दिलाने की मांग की गई। ज्ञापन में खाद, यूरिया और डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। किसानों का कहना है कि आगामी फसल के लिए उर्वरकों की आवश्यकता है, लेकिन समितियों एवं संबंधित केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराना आवश्यक है। ज्ञापन के दौरान ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष मायाराम यादव, आशुतोष कोठारी, आकाश चंद्रवंशी, प्रद्युम्न सिंह कुशवाहा, सुनील राजपूत, राम विश्नोई, बंटी वर्मा, कुलदीप सिसोदिया, प्रवीण पाटिल, सुमित ओंकार आदि मौजूद रहे।

### वैश्य महासम्मेलन के तहसील अधिवेशन की तैयारियों को लेकर हरदा में हुई महत्वपूर्ण बैठक



**जागरण, हरदा।** आगामी 5 सितंबर 2026 को बैतूल में आयोजित होने वाले तहसील सम्मेलन की तैयारियों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर बुधवार को हरदा में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी राजीव खंडेलवाल ने सहभागिता करते हुए वैश्य समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से सम्मेलन को सफल बनाने के संबंध में चर्चा की। श्री खंडेलवाल अपने निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत 26 अगस्त को हरदा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। उन्होंने प्रातः 10 बजे रहटगांव, दोपहर 12 बजे सिराली, दोपहर 2 बजे खिरकिया तथा शाम 4 बजे हरदा स्थित होटल में बैठक में सहभागिता की। इसके बाद शाम 7 बजे टिमरनी में भी संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। हरदा में आयोजित बैठक में आगामी बैतूल तहसील सम्मेलन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सम्मेलन में अधिक से अधिक वैश्य बंधुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने, संगठन को मजबूत बनाने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आगामी सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी समन्वय और संगठनात्मक एकजुटता को मजबूती मिलती है। हरदा में आयोजित बैठक में आलोक गोयल, केशव बंसल, दीपक नेमा, सुरेंद्र जैन, रेणु जैन, कमल नारायण बांगड़, राजीव जैन, शुभम बंसल, अजय अग्रवाल, आलोक जैन, संजय जैन, अभय अग्रवाल एवं विकास जैन सहित अन्य वैश्य समाज के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभी समाजजनों से अपील की गई कि 5 सितंबर को बैतूल में होने वाले तहसील सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# हरदा जिले में अकीदत और एहतराम से निकला ईद मिलादुन्नबी जुलूस

**हिंदू भाइयों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत, शहर में पेश की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल**







**जागरण, हरदा।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस ईद मिलादुन्नबी का पर्व बुधवार को हरदा शहर में पूरे धार्मिक उत्साह, अकीदत और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर में ईद मिलादुन्नबी का भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें हरदा की ऐतिहासिक गंगा-जमुनी तहजीब, देशप्रेम और भाईचारे का अनूठा नजारा देखने को मिला। जुलूस का मार्ग में जगह-जगह हिंदू समुदाय के नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। ईद मिलादुन्नबी का मुख्य जुलूस शहर की जामा मस्जिद से प्रारंभ हुआ। इसके बाद जुलूस घंटाघर, खेड़ीपुरा, अन्नापुरा मस्जिद, प्रताप टॉकीज, सत्यनारायण मंदिर चौक और पोस्ट ऑफिस चौराहे से होते हुए नई सब्जी मंडी पहुंचा। जुलूस में हजारों की संख्या में मुस्लिम समाजजन हाथों में परचम थामे और नबी की शान में कलाम पढ़ते हुए चल रहे थे। इस दौरान हिंदू समाज के लोगों ने भी जुलूस का स्वागत कर कौमी एकता की मिसाल पेश की, जिस पर मुस्लिम समाज ने उनका सहृदय आभार व्यक्त किया। जुलूस के समापन के पश्चात मदरसे में पूर्ण एहतराम के साथ परचम-ए-इस्लाम फहराया गया।

### रिमझिम फुआरों के बीच उत्साह से निकला जुलूस

**जागरण, खिरकिया।** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर नगर के मुस्लिम समाज ने दरगाह मस्जिद के बैनर तले शानदार जुलुस निकाला। मुस्लिम समाज के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर जुलुस में सरकार की आमद मरहबा और लब्बैक की सदाओं से शहर गूंज उठा। जुलुस के साथ मुस्लिम समाज के आलिमों ने नात ए पाक पढ़कर समां बांध दिया। दरगाह मस्जिद इमाम हजरत इशाक साहब, किल्लौद मस्जिद इमाम कारी साबिर खान कादरी ने नात ए पाक सुनाई। दरगाह मस्जिद के सदर अब्दुल खान के द्वारा नगरवासियों को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद पेश की। जुलुस खेड़ीपुरा स्थित हुसैनी चौक से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग होते हुए मंडी गेट तथा वापसी में राजीव नगर स्थित रजा मस्जिद होते हुए पॉवर हाऊस मार्ग होते हुए मुख्य मार्ग एवं गुरूद्वारा मार्ग होते हुए दरगाह मस्जिद पहुंचकर फातेहा ख्वानी के साथ समापन हुआ। जिसमें शहर एवं देश में खुशहाली और अमन चैन की दुआ मांगी। जुलुस में सबसे आगे बच्चे अपने हाथों में झंडे एवं बैनर लेकर चल रहे थे तथा उनके पीछे ट्रॉली पर मुस्लिम समाज के आलिम बैठकर नात ए पाक पढ़ रहे थे। डीजे के साथ भी युवाओं का हुजुम चल रहा था। जुलुस में राष्ट्रध्वज तिरंगा भी लहराता रहा।

### ईद मिलादुन्नबी पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया

**जागरण, टिमरनी।** नगर में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद मिलादुन्नबी पर्व हर्षोल्लास एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया, जो इतवार बाजार, गांधी चौक, सूर्या टॉवर, स्टेशन बस्ती रोड सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला। जुलूस का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया। जुलूस के दौरान प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए। इस दौरान एसडीएम शैलेंद्र बडोनिया, एसडीओपी आकांक्षा तलया, तहसीलदार देवशंकर धुर्वे, थाना प्रभारी मुकेश गौड सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान इमरती का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल बारंगे, महामंत्री अंकित कनेरे, दीपक पटवारे द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। स्थानीय रेन बसेरा के सामने नगर कांग्रेस द्वारा पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, पार्षद हीरा घुरे, पूर्व पार्षद जितेंद्र जसपाल, गिरीश घुरे, राजेंद्र नागरे, यूसुफ गौरी, शहजादखान, विधायक प्रतिनिधि रितु सोलंकी, कांग्रेस नेता दीपक जैन, सुजेश अग्रवाल, दिनेश चमन, धर्मेंद्र जसपाल, आलोक पारे सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## न्यूज कार्नर

### भाजपा सरकार को सद्बुद्धि देने कांग्रेस ने किया सुंदरकांड पाठ

**मुलताई जागरण।** भाजपा सरकार के शासनकाल में लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर नगर के बैतूल रोड स्थित साई हनुमान मंदिर परिसर में मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ कर सरकार को सदबुद्धि देने की प्रार्थना की गईं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव ने बताया गुरुवार को दोपहर 12 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बढ़ती मंहगाई शक्कर, गैस, बिजली बिल, पेट्रोल ई 20 के खिलाफ सरकार को ज्ञापन सौपा जाएगा।

### श्रीकृष्ण मंदिर के नव निर्माण के लिए भूमि पूजन संपन्न

**बैतूल।** राजेंद्र वार्ड के पंजाबी मोहल्ले में श्री कृष्ण मंदिर के भव्य नव निर्माण के लिए बुधवार सुबह 11 बजे विधि-विधान से भूमि पूजन संपन्न हुआ। श्री कृष्ण पंजाब सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। पंडित धर्मेंद्र शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान हरबंशलाल आहूजा एवं गुलशन कपूर से विधिवत पूजा-अर्चना कराई। समिति के मीडिया प्रभारी राजेश मदान ने बताया कि इस अवसर पर मौजूद सभी सामाजिक बंधुओं ने जय जय श्री राम का उद्घोष करते हुए मंदिर निर्माण कार्य निर्विघ्न रूप से संपन्न होने के लिए भगवान श्री गणेश, प्रभु श्रीराम एवं भगवान विश्वकर्मा से प्रार्थना की गई। साथ ही मंदिर निर्माण में तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया।

# 618 करोड़ की योजनाओं का बंटाढार रिटेंडर के बाद भी नहीं आ रही रफ्तार

## 4 समूह नलजल योजनाओं का जल निगम छिंदवाड़ा ने सत्यानाश कर दिया

**जागरण (बैतूल)।** बैतूल जिले में समूह नलजल योजनाओं का काम छिंदवाड़ के जल निगम के पास है। निगम के जिम्मेदार अधिकारी छिंदवाड़ा से बैठकर बैतूल में कंपनियों से काम करा रहे थे।

हालात यह है कि इन नलजल योजनाओं की समय सीमा पूरी हो जाने के बाद भी कंपनी अपना काम पूरा नहीं कर पाई। हालात तो इतनी खराब है कि कंपनियों ने प्रगति के मामले में सत्यानाश कर रखा था। ऐसे में वर्धा और गढ़ा डैम में रिटेंडर करवाकर नई कंपनी को वर्क आर्डर किया गया। लेकिन इसके बाद भी जैसी रफ्तार होना चाहिए वैसी दिखाई नहीं दे रही है। जो नई कंपनी काम करने आई है उसके निर्माण की




गुणवत्ता को लेकर भी तमाम तरह के सवाल उठने लगे हैं। जल निगम के जिम्मेदार अधिकारी बैतूल जिले में किसी के भी कंट्रोल में नजर आते हैं।

### 618 करोड़ की लागत की हैं चार समूह नलजल योजनाएं

जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए घोघरी, गढ़ा, वर्धा और मेंढा समूह नलजल योजनाएं संचालित हैं। घोघरी योजना से 162 गांवों में जलापूर्ति प्रस्तावित है, जबकि गढ़ा योजना में 51 गांव शामिल हैं। वर्धा योजना में 91 और मेंढा योजना में 80 गांवों को लाभ मिलना है।

जल निगम जिस तरह से योजनाओं का बंटाढार किया है उसकी वजह से जन प्रतिनिधि भी खासे नाराज है। वे अलग अलग मौके पर खुलकर अपनी नाराजगी

### योजना पर छिंदवाड़ा से निगरानी

समूह नलजल योजनाओं का संचालन जल जीवन निगम के पास है। इसका कार्यालय बैतूल में नहीं बल्कि छिंदवाड़ा में है। कार्यपालन यंत्री भी छिंदवाड़ा के साथ बैतूल की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इससे 618 करोड़ की योजनाओं में गुणवत्ता और प्रगति प्रभावित होने की बात सामने आ रही है।

भी जाहिर कर चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी रिटेंडर के अलावा कोई भी संतोषजनक स्थिति यहां पर दिखाई नहीं दे रही है।

### एलएन मालवीय के तीन में से दो टेंडर हाथ से निकल

बैतूल में जल जीवन मिशन की चार समूह नलजल योजनाओं में से गढ़ा, वर्धा और मेंढा समूह नलजल योजना का काम मैसर्स एलएन मालवीय इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को मिला था। कंपनी को निर्धारित समय में काम पूरा करना था, लेकिन समय सीमा समाप्त होने और लंबा एक्सटेंशन मिलने के बावजूद निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई। इसके बाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए मेंढा और वर्धा समूह नलजल योजना का काम कंपनी से वापस ले लिया। अब इन दोनों योजनाओं के टेंडर नए सिरे से किए जाने की तैयारी है।

### जल जीवन मिशन की प्रगति अब भी संतोषजनक नहीं

जिले में जल जीवन मिशन की योजनाओं की प्रगति अभी भी अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। वर्तमान स्थिति में घोघरी योजना का काम करीब 69.81 फीसदी, गढ़ा का 64.50 फीसदी, वर्धा का 30.96 फीसदी और मेंढा समूह नलजल योजना का कार्य महज 29.54 फीसदी ही पूरा हो सका है। निर्धारित लक्ष्य और समय सीमा के मुकाबले यह प्रगति संतोषजनक नहीं मानी जा रही है। खासकर मेंढा और वर्धा योजनाओं की धीमी गति चिंता का विषय बनी हुई है। दोनों योजनाओं में काम की रफ्तार बेहद कमजोर होने से ग्रामीण क्षेत्रों तक समय पर पेयजल सुविधा पहुंचने पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## संत शिरोमणि रविदास महाराज के जयंती वर्ष पर निकाली कलश यात्रा

**मुलताई।** पवित्र नगरी में बुधवार को ताप्ती तट स्थित संत रविदास मंदिर से गुरु रविदास महाराज के जयंती वर्ष पर कलश यात्रा निकाली गई। समरसता अभियान के तहत आयोजित इस यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार,पार्षद, भाजपाई समेत श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया गया। कलश यात्रा की शुरुआत ताप्ती मंदिर में कलश पूजन के साथ हुई। नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई, जिसके बाद पवित्र कलश सिर पर रखकर नगर भ्रमण किया गया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने हिस्सा लिया और संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार ने बताया कि भाजपा देशभर में 'समरसता संकल्प अभियान' और 'श्री गुरु रविदास महाराज कलश वंदन अभियान' चला रही है। इस अभियान के तहत संत रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी से लाई गई पवित्र मिट्टी को कलशों में भरकर अलग-अलग राज्यों, जिलों और मंडलों तक पहुंचाया जा रहा है।

## ईद मिलाद उन नबी पर बारिश के बावजूद निकला विशाल जुलुस



**मुलताई।** नगर में बुधवार मुस्लिम समाज द्वारा बुधवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे से पारेगांव रोड स्थित मस्जिद से ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर विशाल जुलुस निकाला गया। जो गाजे बाजे एवं डीजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए वापस मंदिर स्थल पहुंचकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के बुजुर्ग एवं युवा उत्साह और श्रद्धा के साथ जुलूस में शामिल हुए सुबह से हो रही तेज बारिश के बावजूद युवाओ का उत्साह कम नही हुआ।जुलुस में समाजजन नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़े। जुलूस में शामिल लोग धार्मिक गीतों और नात शरीफ का पाठ करते हुए शामिल हुए,तेज बारिश के बीच भी लोगों ने पूरे उत्साह के साथ जुलूस में सहभागिता की। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोग इसमें शामिल हुए। कई लोग छाता और रेनकोट लेकर चल रहे थे, जबकि कुछ लोग बारिश में भीगते हुए आयोजन का हिस्सा बने।वहीं जगह जगह चौक चौराहो पर स्टाल लगाकर जुलस में शामिल लोगो स्वागत कर शरबत एवं नाश्ता कराया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को ईदमिलाद-उन-नबी की बधाई दी। इस दौरान नगर में धार्मिक और सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला। समाजजनों ने जुलूस के माध्यम से आपसी भाईचारे, प्रेम और शांति का संदेश दिया।

# बारिश के बीच निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बैतूल में दिखी अकीदत और भाईचारे की तस्वीर

**बैतूल जागरण।**

पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी के रूप में बुधवार को बैतूल शहर में अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। बारिश के बावजूद मुस्लिम समाज के लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। शहर के अलग-अलग मुस्लिम बहुल इलाकों से जुलूस निकाले गए, जिनमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस निर्धारित मार्गों से होते हुए कोठी बाजार स्थित जामा मस्जिद पहुंचे। यहां धार्मिक कार्यक्रमों के साथ नात ख्वानी और तकरीर का आयोजन किया गया। ईद मिलादुन्नबी को लेकर सुबह से ही शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में उत्साह का माहौल रहा। घरों, मस्जिदों और प्रमुख स्थानों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। दारुल उलूम रहमानिया संस्थान, फांसी खदान और गंज क्षेत्र से जुलूस निकाले गए।



बारिश शुरू होने के बाद भी लोग जुलूस में शामिल होते रहे। जुलूस में धार्मिक नारों के साथ पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षाओं और अमन-भाईचारे का संदेश दिया गया। गंज क्षेत्र में जुलूस के दौरान आपसी भाईचारे और सौहार्द की खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। विभिन्न समुदायों के लोगों ने जुलूस में शामिल अकीदतमंदों का फूल बरसाकर स्वागत किया। बारिश के बीच हुए इस स्वागत ने शहर की गंगा-जमुनी तहजीब को सामने रखा। लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। कोठी बाजार स्थित जामा मस्जिद चौक पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी की ओर से मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नात ख्वानी और तकरीर हुई। धर्मगुरुओं ने पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जीवन, उनके आदर्शों और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में अमन, मानवता, भाईचारे और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश दिया। जामा मस्जिद के पेश इमाम मोहम्मद जावेद चिश्ती ने मुख्य उद्बोधन दिया। ईद मिलादुन्नबी के आयोजन में शिक्षा को भी विशेष महत्व दिया गया। अंजुमन इस्लामिया कमेटी की ओर से हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मुस्लिम समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे छात्रों का भी सम्मान किया गया। आयोजन समिति ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। पर्व के अवसर पर शहर में कई स्थानों पर लंगर का आयोजन किया गया। जुलूस के मार्ग में अकीदतमंदों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था की गई। लोगों ने सेवा भाव के साथ जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा। प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया।

## ब्रह्माकुमारीज रक्तदान शिविर में 87 यूनिट रक्त एकत्रित

**मुलताई।** ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगी दादी प्रकाशमणि के 19वें स्मृति दिवस पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारीज़ केंद्र की संचालिका बीके मालती बहन के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में कुल 87 यूनिट रक्त एकत्रित कर मानवता की सेवा में बड़ा योगदान दिया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में फॉरेस्ट विभाग की रेंजर पूनम गुप्ता,थाना प्रभारी विकास पटेल,भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, पार्षद शिल्पा शर्मा, बीके मालती बहन, बीके स्वाती बहन एवं संस्थान के सभी भाई-बहन विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर संचालिका बीके मालती बहन ने कहा दादी जी ने हमेशा विश्व बंधुत्व, शांति और मानव सेवा का संदेश दिया। आज उनके स्मृति दिवस पर आयोजित यह रक्तदान शिविर उनकी इन्हीं अमूल्य सीखों को धरातल पर उतारने का एक जीवंत उदाहरण है।

## कारीगर ने टेलर की दुकान छोड़ी, दूसरी जगह काम करने लगा तो भड़का विवाद कैंची के वार से मौत



देवानंद चौधरी मृतक | बिरज कुमार आरोपी

**जागरण, नेपानगर।** दुकान छोड़कर दूसरी जगह काम करना कारीगर देवानंद चौधरी को भारी पड़ गया। इसी बात को लेकर उसके पूर्व मालिक टेलर बीरज कुमार देवड़ा से विवाद हुआ और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। मातापुर बाजार के सामने हुई झड़प के दौरान देवानंद ने छतरी से बीरज कुमार को मारा। इसके बाद गुस्साए टेलर ने दुकान की टेबल पर रखी धारदार कैंची से देवानंद पर हमला कर दिया। गंभीर घायल देवानंद ने तीन दिन तक जिंदगी के लिए संघर्ष करने के बाद 25 अगस्त को दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद बीरज कुमार के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी शहाबुद्दीन कुरैशी के अनुसार घटना 22 अगस्त की रात करीब 8 बजे की है। बीरज कुमार देवड़ा टेलरिंग का काम करता है और देवानंद चौधरी उसके यहां कारीगर था। कुछ समय पहले देवानंद ने उसकी दुकान पर काम करना छोड़ दिया और दूसरी जगह काम शुरू कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच हाथापाई हो गई। इसी दौरान देवानंद द्वारा छतरी से बीरज कुमार को मारने की बात पुलिस जांच में सामने आई है। इसके बाद आरोपी ने गुस्से में आकर टेबल पर रखी कैंची उठाई और देवानंद पर हमला कर दिया। हमले में देवानंद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी रही। उपचार के दौरान 25 अगस्त को उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मर्ग जांच की और सामने आए तथ्यों के आधार पर बीरज कुमार देवड़ा के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया।

### तीन दिन उपचार के बाद मौत

थाना प्रभारी शहाबुद्दीन कुरैशी ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से फरार है। पुलिस टीम उसकी तलाश कर रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

# रिमझिम फुहारों में निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी खंडवा में गूंजा आका की मोहब्बत का पैगाम



**जागरण,खंडवा।** मौसम पर भी जैसे आका हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की आमद की खुशी का रंग चढ़ गया हो... सुबह तेज बारिश, फिर बारिश का थमना और उसके बाद रिमझिम फुहारों के बीच जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस-ए-मोहम्मदी निकला तो पूरा शहर अकीदत और मोहब्बत से सराबोर नजर आया। 12 रबीउल अव्वल के इस मुबारक मौके पर इमलीपुरा से निकले जुलूस में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जुबां पर नात-ए-पाक और दरूद-ओ-सलाम, दिलों में आका की मोहब्बत और माहौल में रहमत, अमन व भाईचारे का पैगाम नजर आया।

### आमद-ए-रसूल की खुशी में सजा शहर

तमाम रसूलों के सरदार, तमाम अंबिया के बाद आने वाले, गुनहगारों की शफाअत फरमाने वाले, मुसाफिरों और अजनबियों के गमगुसार, तमाम जहानों के लिए रहमत बनकर आने वाले और फकीरों, परदेशियों व मिस्कीनों से मोहब्बत करने वाले पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की आमद की खुशी में खंडवा में जश्ने ईद मिलादुन्नबी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। इस मुबारक दिन के इंतजार में करीब 10 दिनों से मुस्लिम बहुल इलाकों में तैयारियां चल रही थीं। मस्जिदों, मदरसों और घरों के साथ गली-मोहल्लों को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था।

### रिमझिम फुहारों में छह घंटे चला जुलूस

बुधवार सुबह जुलूस की तैयारियों के बीच तेज बारिश ने कुछ देर के लिए माहौल बदल दिया। हालांकि सुबह करीब 9 बजे बारिश पूरी तरह थम गई। इसके बाद रिमझिम फुहारें पड़ती रहीं, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। सुबह करीब 10 बजे इमलीपुरा से जुलूस-ए-मोहम्मदी रवाना हुआ। नात-ए-पाक पढ़ते और दरूद-ओ-सलाम पेश करते हुए अकीदतमंद आगे बढ़ते रहे। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी मौजूदगी ने जुलूस को खास बना दिया।

जुलूस इमलीपुरा से रवाना होकर बड़ा बम चौक, तीन पुलिया, स्टेशन रोड, गांधी भवन, एमजी रोड, घंटाघर, टाउन हॉल, जलेबी चौक और शिवाजी चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। करीब छह घंटे बाद दोपहर 2.30 बजे जुलूस वापस इमलीपुरा पहुंचा।

**जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर मौसम भी हुआ खुशनुमा,नात-ओ-दरूद की सदाओं के बीच अकीदतमंदों का हुजूम, छह घंटे शहर में गूंजता रहा अमन और भाईचारे का संदेश**

### आका की सीरत से मोहब्बत और इंसानियत का संदेश

जुलूस के दौरान जगह-जगह लोगों ने एक-दूसरे को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी। जामा मस्जिद के पेश इमाम रिजवान अहमद ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी केवल खुशी मनाने का अवसर नहीं, बल्कि पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सीरत और उनकी तालीमात को याद करने का दिन है। उनकी जिंदगी इंसानियत, मोहब्बत, रहम, इंसाफ और सब्र का रास्ता दिखाती है। उनकी शिक्षाओं को अपनी जिंदगी में उतारना ही सच्ची मोहब्बत का तकाजा है।





### पुलिस-प्रशासन ने संभाली व्यवस्था, नगर निगम चौराहे पर स्वागत

जुलूस को लेकर पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रमुख मार्गों और चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के साथ पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पूरे समय व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। जुलूस में शामिल लोगों ने भी प्रशासन का सहयोग किया। नगर निगम चौराहे पर शाहिद गिरामी हाफिज और उनके साथियों ने जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। रिमझिम फुहारों के बीच नात-ए-पाक और दरूद-ओ-सलाम की गूंज के साथ निकला जुलूस खंडवा में अकीदत, आका की मोहब्बत, अमन और भाईचारे की खूबसूरत तस्वीर पेश करता नजर आया। शहर काजी सैयद निसार अली प्रशासन और समाजजन का आभार माना।

## ईद मिलादुन्नबी पर मरीजों और जरूरतमंदों को बांटीं 200 फल किट




**जागरण,बुरहानपुर।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर इनाया फातिमा फाउंडेशन एजुकेशन सोसाइटी ने सरकारी अस्पताल में मरीजों एवं जरूरतमंदों को फल-फ्रूट की करीब 200 किट वितरित कीं। सेवा कार्य सोसाइटी अध्यक्ष सैयद फारूक के नेतृत्व में किया गया।

कोषाध्यक्ष एहतशामुद्दीन ने बताया कि सोसाइटी का उद्देश्य जरूरतमंदों की मदद के साथ समाज में इंसानियत और भाईचारे का संदेश देना है। सचिव शेख शकील मोहम्मद ने कहा कि अध्यक्ष सैयद फारूक की प्रेरणा से सेवा कार्य आगे भी जारी रखे जाएंगे।

कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सोसाइटी मार्गदर्शक अजय सिंह रघुवंशी, मार्गदर्शक एवं पूर्व नगर निगम अध्यक्ष गौरी दिनेश शर्मा, सरपरस्त रफीक गुल मोहम्मद, अध्यक्ष सैयद फारूक, कोषाध्यक्ष एहतशामुद्दीन, सचिव शेख शकील मोहम्मद, शेख शाहरुख, राशिद, मोहम्मद शाहरुख, विक्की भाई, फरहान और साहिल मौजूद रहे। इस दौरान मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

## ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का कांग्रेस परिवार ने किया स्वागत



**जागरण, नेपानगर।** ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के अवसर पर नगर में निकले जुलूस का कांग्रेस परिवार ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जुलूस में शामिल समाजजनों का सम्मान करते हुए वरिष्ठजनों को साफा पहनाकर पुष्पमाला भेंट की गई। इस दौरान आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का माहौल रहा। राजेश पटेल लारा ने कहा कि नेपानगर आपसी प्रेम,भाईचारे और सामाजिक सद्भाव की मिसाल रहा है। त्योहार एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होने और एकता का संदेश देने का अवसर हैं। इस अवसर पर सोहन सैनी, पार्षद अनीशा पटेल, योगिता पाटिल, अतुल मंडलोई, कैलाश पटेल, नितिन मोकले, किशोर राजपूत, लालचंद पटेल, उदेश नकुल, जितेंद्र सावकारे और राजू पाटिल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समाजजन मौजूद रहे।

## न्यूज कॉर्नर

### अर्चना मातृशक्ति संयोजिका नियुक्त



**जागरण, इटारसी।** पुरानी इटारसी में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नर्मदापुरम विभाग की बैठक प्रांत सह मंत्री जितेंद्र सिंह चौहान की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। संदीप यदुवंशी को जिला सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं मातृशक्ति को सशक्त करते हुए श्रीमती अर्चना मालवीय को विहिप मातृशक्ति नर्मदापुरम की जिला संयोजिका का नवीन दायित्व सौंपा गया है। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के सभी कार्यकर्ताओ ने नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई प्रेषित की हैं।

### कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज

**जागरण, इटारसी।** लगातार बढ़ती महंगाई और आम जनता पर पड़ रहे आर्थिक बोझ के विरोध में कांग्रेस पार्टी गुरुवार को सड़कों पर उतरेगी। 27 अगस्त गुरुवार को दोपहर 12 बजे जयस्तंभ चौक पर एक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी के अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी के नेतृत्व में महंगाई के खिलाफ जनता की आवाज अभियान के तहत यह प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान शक्कर, पेट्रोल-ई-20, बिजली के बढ़े हुए बिल और रसोई गैस सिलेंडर जैसे रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़े मुद्दों को उठाया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि यह केवल एक साधारण धरना नहीं होगा, बल्कि रचनात्मक और व्यंग्यात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से बढ़ती महंगाई के दुष्परिणामों को उजागर कर सोई हुई सरकार को जगाने का प्रयास किया जाएगा। नगर कांग्रेस कमेटी ने इस महत्वपूर्ण प्रदर्शन में सभी कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न मोर्चा संगठनों के कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से बड़ी संख्या में जयस्तंभ चौक पहुंचने की अपील की है।

# एक ही परिवार की तीन बहनों की मौत



**जागरण, इटारसी।** एक बेहद हृदयविदारक घटना में, संदिग्ध फूड पॉइजनिंग के चलते एक ही परिवार की तीन बच्चियों की मौत हो गई है। इस पीड़ित परिवार में 50 वर्षीय पिता नरेंद्र सिंह और 35 वर्षीय मां अमरावतिन शामिल हैं। मृतकों में इनकी तीन बेटियां - 10 वर्षीय आशी, 8 वर्षीय विशुका और 6 वर्षीय विधि शामिल हैं।

टाउन इंस्पेक्टर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह परिवार मुख्य रूप से रायपुर (छत्तीसगढ़) का रहने वाला है और वर्तमान में इंदौर के बेटमा इलाके में रह रहा था। परसों रात परिवार ने एक साथ खाना खाया था, जिसके बाद रात में दो बच्चियों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें इंदौर के अस्पताल ले जाया गया जहां दोनों की मौत हो गई।

परिवार एक एंबुलेंस के जरिए दोनों बच्चियों के शवों को लेकर रायपुर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में इटारसी के पास तीसरी बच्ची की भी तबीयत खराब हो गई। शाम करीब 6 बजे उसे इटारसी के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उस 10 वर्षीय बच्ची को भी मृत घोषित कर दिया।

प्रथम दृष्टया पुलिस इसे फूड पॉइजनिंग का मामला मान रही है। एंबुलेंस में पहले से दो शव मौजूद होने की जानकारी अस्पताल प्रशासन को नहीं दी गई थी, क्योंकि परिवार के अनुसार बच्चियों की पहले ही मौत हो चुकी थी और संबंधित थाने को सूचित कर दिया गया था।

चूंकि घटना का मूल स्थल इंदौर का बेटमा क्षेत्र है, इसलिए इटारसी पुलिस जीरो पर मर्ग कायम कर रही है। आगे की विस्तृत जांच के लिए डायरी इंदौर (बेटमा) पुलिस को भेजी जाएगी।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल इटारसी के ऑन-ड्यूटी चिकित्सक डॉ. प्रियंक मिश्रा ने बताया कि परिजन केवल 10 वर्षीय बच्ची (आशी) को अस्पताल लेकर आए थे, जिसे सुखतवा सीएससी से रेफर किया गया था। बच्ची बेहोशी की हालत में थी और उसकी स्थिति बेहद गंभीर थी। अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक अग्रवाल द्वारा तुरंत उसका इलाज शुरू किया गया, लेकिन लगभग 45 मिनट से एक घंटे के भीतर बच्ची की मौत हो गई।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि अस्पताल लाते समय परिजनों ने यह जानकारी नहीं दी थी कि एंबुलेंस में दो अन्य बच्चियों के शव भी रखे हुए हैं। इसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन को बाद में अन्य माध्यमों से लगी। परिजनों ने लक्षणों के बारे में सिर्फ इतना बताया कि बच्ची को लगातार उल्टियां हो रही थीं। मौत का स्पष्ट कारण अभी अज्ञात है और मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। इसके लिए पुलिस को सूचना दे दी गई है और पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सटीक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# विद्युत फॉल्ट से जल वितरण में आ रही बाधा का होगा स्थायी समाधान

**जागरण, इटारसी।** शहर की न्यास कॉलोनी क्षेत्र में विद्युत ट्रांसफार्मरों में बार-बार आ रही खराबी के कारण जल वितरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा था। नागरिकों की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर स्थिति का सघन निरीक्षण किया और अधिकारियों को समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश दिए।

न्यास कॉलोनी स्थित संपवेल एवं पानी की टंकी से जल वितरण किया जाता है। यहां लगे दो अलग-अलग विद्युत ट्रांसफार्मरों में बार-बार फॉल्ट हो रहा था। संपवेल के ट्रांसफार्मर में फॉल्ट होने से पानी की टंकी समय पर नहीं भर पाती थी। वहीं, सुबह 7 से 8 बजे जब जल वितरण का समय होता था, तब टंकी परिसर के ट्रांसफार्मर में फॉल्ट होने से घरेलू विद्युत आपूर्ति भी ठप हो जाती थी। इससे घरों में पानी की मोटर न चल पाने के कारण नागरिकों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने मौके से ही बिजली विभाग के सहायक यंत्री डेलन पटेल से फोन पर चर्चा की और नगर पालिका के जल वितरण के निर्धारित समय में होने वाले विद्युत फॉल्ट का तत्काल एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। जल वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नागरिकों की सलाह पर पानी की टंकी और संपवेल पर एक-एक अलग कर्मचारी की नियुक्ति कर दी गई है। पहले एक ही कर्मचारी दोनों स्थानों का संचालन करता था, जिससे कार्यभार अधिक होता था। अब दोनों जगह अलग-अलग कर्मचारी होने से निगरानी और संचालन प्रभावी ढंग से हो सकेगा।

निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, राजा मालवीय, रिषभ सिंह चौहान सहित स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### नागपुरकला में 25 वर्षों से बदहाल सड़क

# बारिश में 1100 ग्रामीण परेशान कांग्रेस नेताओं ने सुनी समस्याएं



**जागरण, इटारसी।** नागपुरकला नई बस्ती के लगभग 1100 ग्रामीण पिछले 25 वर्षों से मुख्य सड़क के निर्माण का इंतजार कर रहे हैं। ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से अनुमति न मिलने के कारण वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद निर्माण कार्य लंबे समय से अटका हुआ है।

**बारिश में बढ़ी मुसीबत :** सड़क पर गहरे गड्ढे और कीचड़ होने से पैदल निकलना भी दूभर हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को हो रही है। यह मार्ग डोब, पांडरी सहित पांच अन्य गांवों को भी जोड़ता है।

**नल-जल और आंगनबाड़ी की बदहाली :** ग्रामीणों की शिकायत है कि नल-जल योजना के नाम पर सड़क खोद दी गई, लेकिन नलों से पानी की जगह हवा आ रही है। इसके अलावा आंगनबाड़ी के आसपास भी भारी गंदगी और कीचड़ व्याप्त है।

### कांग्रेस नेताओं का आश्वासन

बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय और जिला उपाध्यक्ष प्रदीप दुबे ने गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के महाप्रबंधक से सड़क निर्माण की अनुमति दिलाने और केसला जनपद सीईओ से नल-जल योजना की शिकायत पर चर्चा कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



**जागरण, इटारसी।** ब्लॉक केसला के ग्राम पथरोटा में बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। केसला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व और जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडेय की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस प्रदर्शन में केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

कांग्रेस कार्यकर्ताटों के इस प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि खाद्य सामग्री, सब्जियों, रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल के लगातार बढ़ते दामों से गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई आज आमजन की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है और जब तक जनता को इससे राहत नहीं मिलती, कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामप्रीत दादा, केसला ब्लॉक उपाध्यक्ष बसंत आसरे, जिला सचिव बंटी राठौर, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप दुबे, अनुशासन समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र मालवीय, अजय मिश्रा टप्पू, जिला प्रवक्ता अनिल रैकवार, चंद्रकांत बहारे, अखिलेश पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम के प्रवक्ता अनिल रैकवार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

### त्योहार के वक्त पुलिस बंद करे वाहन चैकिंग, कांग्रेस ने एसपी से की मांग

त्योहारों के सीजन में बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ और आम नागरिकों की सुगम आवाजाही को ध्यान में रखते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर चर्चा कर त्योहार के समय मार्गों पर की जाने वाली अनावश्यक वाहन चेकिंग पर रोक लगाने और आम जनता को राहत देने का अनुरोध किया है।

#### न हो बेवजह परेशानी

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष पक्ष रखते हुए कहा कि त्योहार खुशी, उमंग और भाईचारे का अवसर होते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोग खरीदारी तथा अन्य पारिवारिक कार्यों के लिए बाजारों में निकलते हैं। ऐसे समय में प्रमुख मार्गों और बाजारों के पास लगातार वाहन चेकिंग होने से आम नागरिकों, व्यापारियों, महिलाओं और परिवारों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

#### सकारात्मक आश्वासन

जिलाध्यक्ष द्वारा जनता की इस व्यावहारिक समस्या को उठाए जाने पर पुलिस अधीक्षक ने सकारात्मक रुख अपनाया। एसपी ने आश्वस्त किया कि त्योहारों के दौरान आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा और यातायात व सुरक्षा व्यवस्था को इस तरह से संयोजित किया जाएगा कि आम नागरिकों को बेवजह परेशानी न हो।

#### सुगम आवागमन जरूरी

जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने कहा, हमने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए आम जनता को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। एसपी ने इस विषय पर सकारात्मक आश्वासन दिया है।

# संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति




**जागरण, इटारसी।** महर्षि दयानंद गुरुकुल आश्रम में 'संस्कृत सप्ताह' का हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ किया। देववाणी संस्कृत के प्रचार-प्रसार और संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में गुरुकुल के सभी विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

कार्यक्रम के प्रथम दिन की शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुसार हुई। इस अवसर पर गुरुकुल के सभी बच्चों को माथे पर मंगल तिलक लगाकर उन्हें संस्कृत सप्ताह और आगामी संस्कृत दिवस की शुभकामनाएं दी गईं, जिससे बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ।

**श्लोक और गीतों से गूंजा गुरुकुल :** आयोजन के द्वितीय दिवस पर गुरुकुल के विद्यार्थियों ने अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने सुमधुर संस्कृत गीत और सस्वर श्लोक गान की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे पूरे आश्रम का वातावरण आध्यात्मिक और संस्कृतिमय हो गया।

**31 अगस्त को होगा समापन :** गुरुकुल प्रबंधन के अनुसार, यह ज्ञानवर्धक और सांस्कृतिक कार्यक्रम पूरे सप्ताह चलेगा। इस 'संस्कृत सप्ताह' का विधिवत समापन 31 अगस्त को विश्व 'संस्कृत दिवस' के पावन अवसर पर महर्षि दयानंद गुरुकुल आश्रम जमानी में ही भव्य रूप से किया जाएगा।

### गुरुद्वारा में 4 सितंबर को सजेगा विशेष कीर्तन

**जागरण, इटारसी।** स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा श्रीगुरुसिंह सभा में 4 सितंबर को एक विशेष शुकराना कीर्तन दीवान का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाहर से भी बड़ी संख्या में साध-संगत इटारसी पहुंचेगी, जिसके लिए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

यह आयोजन स्व. अमरीक सिंह सलूजा परिवार द्वारा, मनजीत सिंह सलूजा एवं समस्त सलूजा परिवार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह विशेष दीवान कुलजीत सिंह प्रिंस सलूजा के पुत्र काका सचकीरत सिंह सलूजा एवं जपकीरत कौर सलूजा के जन्मदिन की खुशी और वाहेगुरु के शुकराने के तौर पर रखा है। गुरुद्वारा श्रीगुरुसिंह सभा के प्रधान सेवादार जसवीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि आयोजन में गुरु का अटूट लंगर बरता जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शहर के बाहर से भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। बाहर से आने वाली साध-संगत के रुकने, खानपान और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है।

### पीहू और प्रथम का राज्य स्तरीय बास्केटबॉल टीम में चयन

**जागरण, इटारसी।** शहर के वर्धमान पब्लिक स्कूल के छात्रों ने खेल के मैदान में एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है और शहर का नाम रोशन किया है। स्कूल की होनहार छात्रा पीहू पटेल और छात्र प्रथम अरोड़ा का चयन राज्य स्तरीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट के लिए हुआ है।

अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, निरंतर अभ्यास और कड़ी मेहनत के दम पर इन दोनों खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया है। अब ये दोनों प्रतिभावान छात्र आगामी राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए नजर आएंगे।

छात्रों की इस उपलब्धि पर वर्धमान पब्लिक स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और सहपाठियों में भारी उत्साह है। स्कूल प्रबंधन ने अपने ध्येय वाक्य ड्रीम ट्रेन अचीव (सपने देखें, प्रशिक्षण लें और हासिल करें) को सार्थक बताते हुए दोनों खिलाड़ियों को उनकी इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई दी है।

विद्यालय परिवार ने अपना गौरव व्यक्त करते हुए संदेश दिया है कि, हमें आपकी उपलब्धि पर गर्व है। एक साथ मिलकर हम ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करते हैं और एक साथ मिलकर हम अधिक हासिल करते हैं। पीहू पटेल और प्रथम अरोड़ा का यह चयन न केवल विद्यालय परिवार के लिए, बल्कि पूरे इटारसी नगर के लिए एक बड़े गर्व का विषय है।

# 3 लाख के चोरी के मोबाइलों के साथ दो अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार

**जागरण, इटारसी।** मध्य प्रदेश के इटारसी रेलवे स्टेशन और आउटर क्षेत्रों में यात्रियों के सामान की चोरी पर नकेल कसते हुए शासकीय रेलवे पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बिहार के गया जिले से ताल्लुक रखने वाले दो शातिर अंतरराज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 3 लाख 5 हजार रुपये कीमत के 11 महंगे मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

23 अगस्त 2026 को जम्मू निवासी राजेश कुमार झेलम एक्सप्रेस 11078 के जनरल डिब्बे में जम्मू से पुणे की यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात बदमाश ने उनका कीमती ढ्क्त कंपनी का मोबाइल पार कर दिया। फरियादी की शिकायत पर जीआरपी थाना इटारसी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक (रेल) अंकित जायसवाल के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय चौकसे के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से विश्लेषण किया और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। 26 अगस्त को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि इटारसी स्टेशन की मोटरसाइकिल पार्किंग के पास दो संदिग्ध युवक खड़े हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुहेब अहमद (26 वर्ष) और मोहम्मद तारिक जमील (21 वर्ष) के रूप में हुई है, जो ग्राम बड़गांव, थाना फतेहपुर, जिला गया (बिहार) के निवासी हैं। आरोपी मोहम्मद तारिक का पूर्व में जीआरपी ग्वालियर में भी आपराधिक रिकॉर्ड (चोरी और आर्म्स एक्ट) रहा है।

आरोपियों के पास से कुल 11 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, जिनकी कीमत 3,05,000 रुपये है। पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश कर दोनों आरोपियों को केंद्रीय जेल नर्मदापुरम भेज दिया गया है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी संजय चौकसे सहित पूरी पुलिस टीम प्र.आर. रामायण द्विवेदी, रानू अतुलकर, दीपक सेन, प्रभात आदि को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

#### चोरों का तरीका-ए-वारदात

**रेकी और निशाना :** ये बदमाश स्टेशनों और चलती ट्रेनों में महिला यात्रियों, विशेषकर खिड़की के पास बैठी महिलाओं को अपना निशाना बनाते थे।

**मौके का फायदा :** देर रात जब यात्री गहरी नींद में होते थे या स्टेशन आने पर अपना सामान समेटने में व्यस्त होते थे, तब ये वारदात को अंजाम देते थे।

**फरार होने की तरकीब :** चोरी के तुरंत बाद ये भीड़भाड़ या अंधेरे का फायदा उठाकर रफूचक्कर हो जाते थे।

**भाईचारे का पैगाम** | निकला भव्य जुलूस, रास्ते में किया इश्तकबाल, अकीदत व हर्षोल्लास से मना ईद-उल-मिलादुन्नबी का पर्व

# बेसहारा बच्चों संग खुशियां बांटकर पेश की सौहार्द की मिसाल



**जागरण, इटारसी।** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा की पैदाइश के मुबारक मौके पर बुधवार को शहर में ईद-उल-मिलादुन्नबी का पर्व पूरी अकीदत, मोहब्बत और भाईचारे के साथ मनाया गया। एक ओर जहां शहर की विभिन्न मस्जिदों से भव्य जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाले गए, जिनका पूरे रास्ते शानदार इस्तकबाल किया, वहीं दूसरी ओर सामाजिक सौहार्द और इंसानियत की खूबसूरत मिसाल पेश करते हुए बेसहारा बच्चों संग खुशियां बांटी गईं। पूरे शहर में दिनभर अमन, मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम गूंजता रहा।

बुधवार सुबह से ही न्यू यार्ड स्थित मस्जिद-ए-हुदा, ग्वाल बाबा मोहल्ला, पीपल मोहल्ला, अवाम नगर, ईदगाह, मस्जिद-ए-नूरानी और नाला मोहल्ला सहित अन्य स्थानों से जुलूस प्रारंभ हुए। ये सभी जुलूस मुख्य मार्गों पर पहुंचकर एक साथ मिले, जिससे शहर में मिलाद की रौनक दोगुनी हो गई। सफेद कुर्ता-पायजामा पहने बड़ी संख्या में अकीदतमंद हाथों में इस्लामी परचम लिए जुलूस में शामिल हुए। डीजे और बैंजो पर बज रही नात-ए-पाक और धार्मिक कलामों से माहौल पूरी तरह खुशनुमा और रूहानी रहा।

### जगह-जगह बंटा तबर्रुक लंगर का हुआ आयोजन

जुलूस के मार्ग में जगह-जगह स्वागत मंच लगाए। लोगों ने शरबत, मिठाई और तबर्रुक बांटा। विशेष रूप से बच्चों के लिए आइसक्रीम, चिप्स, कुरकुरे और अन्य खाद्य सामग्री बांटी गई। कई स्थानों पर लंगर का भी आयोजन हुआ। अंजुमन नूरूल इस्लाम कमेटी इटारसी ने सुबह से ही अन्य कमेटियों से समन्वय बनाकर व्यवस्थाओं की निगरानी की। वहीं मुस्लिम विकास परिषद सहित विभिन्न संगठनों ने जुलूस का स्वागत किया। यह जुलूस रेस्ट हाउस, एसबीआई चौराहा, सब्जी मंडी और सराफा लाइन होते हुए जयस्तंभ पहुंचा, जहां इसका शांतिपूर्ण समापन हुआ।

### प्रशासन रहा मुस्तैद

जुलूस को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने एसडीएम निलेश शर्मा, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा, तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े, थाना प्रभारी सौरभ पांडे और यातायात प्रभारी महेंद्र सिंह बघेल अपने दल-बल के साथ लगातार मुस्तैद रहे। अंजुमन कमेटी और समग्र मुस्लिम समाज ने उत्कृष्ट कानून व यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और नगर प्रशासन का विशेष आभार व्यक्त किया है।

#### मुस्तैद पुलिसकर्मियों का सम्मान

आयोजन में केवल बच्चों के साथ ही खुशियां नहीं बांटी गई, बल्कि शहर की शांति व्यवस्था में अपना योगदान देने वालों को भी सराहा गया। मस्जिद-ए-हुदा कमेटी के सदस्यों ने मुख्य जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा में पूरी जिम्मेदारी के साथ मुस्तैद रहने वाले पुलिस अधिकारियों एवं जवानों का शॉल-श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर कमेटी के अनेक सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने कहा कि यह पर्व समाज में इंसानियत की सेवा का पैगाम देता है।

#### मुस्कान संस्था के बच्चों संग मनाया जश्न

इस मुबारक मौके पर मस्जिद-ए-हुदा कमेटी द्वारा मुस्कान संस्था में एक विशेष कार्यक्रम किया। कमेटी के सदस्यों ने संस्था में निवासरत बच्चों के साथ पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया। सदस्यों ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और उन्हें विभिन्न खाद्य सामग्री वितरित की। बच्चों के बीच पहुंचकर सदस्यों ने पैगंबर साहब के प्रेम, भाईचारे, करुणा और जरूरतमंदों की सेवा के संदेश को साझा किया। इस आत्मीय आयोजन से संस्था के बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

# पीएमश्री स्कूल में शाला प्रबंधन समिति का कैंप और निरीक्षण



**जागरण, इटारसी।** पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इटारसी में बुधवार को सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं की शाला प्रबंधन समितियों के बैंक खाते खुलवाने के लिए एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान शालाओं की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया।

कैंप में बीआरसी नर्मदापुरम और बैंक के अधिकारियों ने आवश्यक फॉर्म वितरित किए। सभी शाला प्रबंधन समितियों के सचिव और अध्यक्षों के फॉर्म भरवाकर, फोटो चस्पा कर उनके हस्ताक्षर लिए गए। कैंप के दौरान डाइट प्राचार्य अनुज सोनी ने पीएमश्री कन्या उमा विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षकों को पोर्टफोलियो, साक्षरता, शाला की शैक्षणिक व्यवस्था और साफ-सफाई को लेकर विशेष निर्देश दिए। श्री सोनी ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस वर्ष सभी शालाओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत आना चाहिए और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना सुनिश्चित किया जाए। कैंप में फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया में बीआरसी श्रीमती सपना गोलहानी, प्रधान पाठक महेश रायकवार, जनशिक्षक रामभरोस यादव, मीरा साहू, अरुणा गौर और देवेंद्र खरे का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर पीएम श्री स्कूल की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती विनीता दुबे सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।